**बिहार सरकार**
**स्वास्थ्य विभाग**

# आदेश

**सं० सं०–17 / एफ 1–13 / 2023–** **पटना, दिनांकः– / / 2024**

अभिगम्य इंस्टिच्यूट ऑफ प्रोफेशनल स्ट्डीज, अहियापुर, कोंच, जिला–गया, पिन कोड–824207 को डी० फार्म० पाठ्यक्रम के 60 सीटों एवं बी० फार्म पाठ्यक्रम के 100 सीटों पर पाठ्यक्रम संचालन हेतु अनापत्ति प्रमाण–पत्र निर्गत करने के निमित्त संस्थान की जाँच हेतु विभागीय आदेश संख्या–1009(17) दिनांक–04.10.2023 द्वारा एक जाँच टीम का गठन किया गया था। जाँच टीम के अध्यक्ष एवं एक सदस्य के सेवानिवृत हो जाने के कारण उक्त संस्थान की आधारभूत संरचना की जाँच / निरीक्षण एवं पी०सी०आई०, नई दिल्ली के मानकों के अनुरूप संस्थान में आवश्यकताओं / उपलब्धताओं का आकलन करने हेतु जाँच समिति का पुनर्गठन निम्नवत् किया जाता है:–

1. डा० अविनाश कुमार सिंह, – अध्यक्ष
   अपर निदेशक,
   स्वास्थ्य सेवाएँ, बिहार, पटना।
2. डा० नवलेश सिंह, – सदस्य
   सह–प्राध्यापक, फार्माकोलॉजी विभाग,
   अनुग्रह नारायण मगध चिकित्सा महाविद्यालय, गया
3. जिला पदाधिकारी,
   गया द्वारा नामित प्रतिनिधि। – सदस्य

समिति को निदेशित किया जाता है कि फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया, नई दिल्ली द्वारा निर्धारित मापदण्डों / मानकों के आलोक में तैयार की गयी विभागीय चेक–लिस्ट के अनुरूप जाँच / निरीक्षण करते हुए अपना प्रतिवेदन समर्पित करना सुनिश्चित करेंगे।

ह० / –
(रेणु कुमारी)
**विशेष कार्य पदाधिकारी।**

**ज्ञापांक–17 / एफ 1–13 / 2023–** 702(17) **पटना, दिनांक :–** 09 / 08 **/ 2024**

**प्रतिलिपि :–** समिति के अध्यक्ष एवं सभी सदस्यों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपि :–** जिला पदाधिकारी, गया से अनुरोध है कि किसी वरीय पदाधिकारी को जाँच समिति के सदस्य के रूप में मनोनीत करने की कृपा की जाय।

**प्रतिलपि :–** अध्यक्ष, शिव शंकर टेक्निकल एजुकेशन ट्रस्ट, पत्राचार का पता–ए–1, सचिवालय कॉलोनी, कंकड़बाग, केन्द्रीय विद्यालय के अपोजिट, पिन कोड–800020 को सूचनार्थ प्रेषित।

**प्रतिलिपि :–** आई० टी० मैनेजर / प्रोग्रामर, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु सूचनार्थ प्रेषित।

09/08/24

**विशेष कार्य पदाधिकारी।**

d/roumish g/order